संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं

सतपुड़ा भवन, भोपाल, मध्यप्रदेश

E-mail : idspssu@mp.gov.in, Phone : 0755-4094192

क्र. / आई.डी.एस.पी. / 20 / 91 भोपाल, दिनांक 04/02/2020

प्रति,

समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
मध्यप्रदेश।

विषय :– दिनांक 31 दिसम्बर 2019 से 29 जनवरी 2020 तक के चीन से लौटे यात्रियों की निगरानी के संबंध मे।

उपरोक्त विषयांर्गत लेख है कि भारत सरकार द्वारा दिनांक 31 दिसम्बर 2020 से 29 जनवरी 2020 तक चीन से मध्यप्रदेश में आये यात्रियों की सूची प्रदान की गई है। जो जिलेवार आपको प्रदान की गई है। जिनका नोवल कोरोना वायरस बीमारी के संभावित मरीज मानकर भारत आने की दिनांक से 28 दिन तक का सर्विलेंस कराना तथा जिसकी जानकारी पूर्व में दिये गये प्रपत्र में A एवं B ई–मेल आई.डी. idspssu@mp.gov.in पर भेजना सुनिश्चित करें।

राज्य सर्विलेंस इकाई को संभावित मरीज का सर्विलेंस करने वाले स्वास्थ्यकर्मी का नाम, पद व मोबाइल नम्बर की जानकारी ई–मेल आई.डी. idspssu@mp.gov.in दी जावे। स्वास्थ्यकर्मी को संभावित नोवल कोरोना वायरस के यात्री के घर दो बार प्रातः एवं सायकाल को जा कर (स्वास्थ्यकर्मी मास्क का प्रयोग करें) यात्री व उसके घरवालों को इस बीमारी से संबंधित उचित सलाह व परामर्श दे। स्वास्थ्यकर्मी राज्य द्वारा जारी की गई होम आइसोलेशन की गाईड लाईन व बहुतायत में पूंछे जाने वाले प्रश्नोत्तर (Frequently Asked Questions) अपने पास रखें व इसकी जानकारी परिजनों को दे तथा संभावित मरीजों से सेल्फ डिक्लेरेशन फार्म भरवाए तथा उन्हें आई.डी.एस.पी. की ई–मेल आई.डी. idspssu@mp.gov.in भेजे।

संलग्न :– होमकेयर गाईड लाईन।

(डॉ.वीणा सिन्हा)
अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.

पृ.क्र. / आई.डी.एस.पी. / 20 / भोपाल, दिनांक 04/02/2020

प्रतिलिपिः– कृपया सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
2. आयुक्त स्वास्थ्य, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
3. मिशन संचालक, एन.एच.एम., अरेरा हिल्स, जेल रोड, भोपाल।
4. संचालक, संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, भोपाल, म.प्र.।
5. समस्त क्षेत्रिय संचालक, स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.।
6. समस्त सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक, म.प्र.।
7. समस्त जिला सर्विलेंस अधिकारी / समस्त जिला एपिडिमियोलॉजिस्ट, म.प्र.।

अतिरिक्त संचालक
संचालनालय स्वास्थ्य सेवाऐं, म.प्र.